भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2075
दिनांक 17 दिसंबर, 2025 को उत्तर के लिए

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को मानदेय

2075. श्रीमती राजाथी :

क्या **महिला एवं बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) योजना और मिशन पोषण 2.0 के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय में संशोधन करने की योजना है;
(ख) मानदेय में किए गए पिछले संशोधन और उसमें की गई वृद्धि का ब्यौरा क्या है;
(ग) वर्ष 2021 से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिए गए राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों का ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या मंत्रालय आईसीडीएस और मिशन पोषण 2.0 के अंतर्गत, विशेष रूप से तमिलनाडु जैसे राज्यों में, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं पर डेटा एंट्री के बोझ की समीक्षा करेगा; और
(ङ) क्या विशेष रूप से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए कोई शिकायत तंत्र है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री
(श्रीमती सावित्री ठाकुर)

(क) और (ख): आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों और आंगनवाड़ी सहायिकाओं को मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के अंतर्गत मानदेय प्रदान किया जाता है, और इसे समय-समय पर बढ़ाया भी जाता है।
1 अक्टूबर, 2018 को भारत सरकार ने केंद्र और संघ राज्य क्षेत्रों के बीच निर्धारित लागत साझाकरण अनुपात के अनुसार आंगनवाड़ी केंद्रों में आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों का

मानदेय 3,000/- रुपये से बढ़ाकर 4,500/- रुपये प्रति माह और आंगनवाड़ी सहायिकाओं का मानदेय 1,500/- रुपये से बढ़ाकर 2,250/- रुपये प्रति माह कर दिया है।
इसके अतिरिक्त, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र भी अपने संसाधनों से इन कर्मियों को अतिरिक्त आर्थिक प्रोत्साहन/टॉप-अप प्रदान कर रहे हैं, जो विभिन्न राज्यों में अलग-अलग है। आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को ₹500 तथा आंगनवाड़ी सहायिकाओं को ₹250 प्रति माह कार्य-निष्पादन आधारित प्रोत्साहन भी प्रदान किया जाता है।

(ग) से (ङ): आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों के कागजात संबंधी रिकॉर्ड के रखरखाव बोझ को कम करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा उन्हें स्मार्टफोन उपलब्ध कराए गए हैं। पोषण ट्रैकर नामक आईटी एपलीकेशन ने आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले भौतिक रजिस्टरों को डिजिटाइज कर दिया है, यह उन्हें आंगनवाड़ियों में सेवाओं की प्रभावी प्रदायगी तथा गतिविधियों की निगरानी में सहायता प्रदान करता है।

पोषण हेल्पलाइन (1515), आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों और सहायिकाओं के साथ-साथ आंगनवाड़ी नेटवर्क के लाभार्थियों की शिकायतों के निवारण में सहायता करती है। यह हेल्पलाइन 20 भाषाओं में उपलब्ध है।

*****